संक्षिप्त समाचार

मकर संक्रांति स्नान : सात जोन, 20 सेक्टरों में बंटा कुंभ मेला क्षेत्र

हरिद्वार, 13 जनवरी (ए)। मकर संक्रांति स्नान पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए कुंभ मेला क्षेत्र को सात जोन और 20 सेक्टरों में बांटा गया है। हर जोन में एएसपी और सेक्टरों में सीओ स्तर के अधिकारियों को तैनात किया गया है। करीब डेढ़ हजार पुलिसकर्मियों के अलावा अर्द्धसैनिक बलों की पांच कंपनियां भी स्नान पर्व पर मुस्तैद रहेंगी। कुंभ मेला आइजी संजय गुंज्याल ने बताया कि स्नान पर्व की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के लिए मेला क्षेत्र को सात जोन व 20 सेक्टरों में बांटकर पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। स्नान पर्व पर गंगा में बहने और डूबने की घटनाएं रोकने के लिए जल पुलिस के साथ-साथ एसडीआरएफ और आपदा राहत दल की ड्यूटी भी लगाई गई है। हरकी पैड़ी, भूमा निकेतन, प्रेमनगर आश्रम, जटवाड़ा पुल, नमामि गंगे घाट, चंडी घाट आदि जगहों पर बोट के साथ टीमें मुस्तैद रहेंगी। वहीं, बिछुड़े हुए श्रद्धालुओं को उनके परिवार से मिलाने के लिए खोया-पाया सेल का गठन किया गया है।

चेन्नई के इंजीनियर ने सर्वाधिक देशों की मुद्रा संग्रह का बनाया रिकार्ड

चेन्नई, 13 जनवरी (ए)। चेन्नई के एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर अन्नमलाइ राजेंद्रन ने सबसे अधिक देशों की मुद्राएं संग्रहित कर एशिया बुक ऑफ रिकार्ड्स तथा इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। 34 वर्षीय राजेंद्रन ने अपनी इस उपलब्धि के बारे में बताया कि उन्होंने दस साल पहले काम और जिंदगी के बीच संतुलन बनाने के लिए यह काम शौकिया तौर पर शुरू किया, लेकिन अन्य देशों तथा उनकी परंपराओं को जानने की उत्कंठा के कारण यह धीरे-धीरे शगल बन गया। अधिकतर बैंक नोट्स अपने मित्रों तथा मुद्रा नीलामी से जुटाए। उनके संग्रह में संयुक्त राष्ट्र के मौजूदा 189 सदस्यों समेत 410 देशों की मुद्राएं हैं, जिनमें 27 द्वीप तथा विदेशी क्षेत्र भी शामिल हैं। इस तरह राजेंद्रन ने इस मामले में कोयंबटूर के जयेश कुमार का रिकार्ड तोड़ा है। जयेश के पास 378 देशों की मुद्राओं का संग्रह है।राजेंद्रन के संग्रह में 17वीं शताब्दी से लेकर 21वीं शताब्दी तक की मुद्राएं शामिल हैं। इनमें से कुछ कागज, पॉलीमर, कार्डबोर्ड, सोना तथा कपड़ों के भी बने हैं। उनके पास एंटीगुआ तथा बारबुडा की दुनिया की पहली वैध स्वर्ण मुद्रा तथा भारत के चोल साम्राज्य से लेकर पश्चिम के रोम साम्राज्य तक के प्राचीन सिक्के भी हैं।

केरल में पहुंची कोविशील्ड टीके की पहली खेप,133 केंद्रों में वितरित किया जाएगा वैक्सीन

कोच्चि, 13 जनवरी (ए)। केरल को कोविशील्ड टीके की पहली खेप मिल गई। पुणे स्थित सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया से कोविशील्ड टीके की पहली खेप बुधवार सुबह कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंची। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एर्नाकुलम और कोझिकोड के लिए टीका लाने वाली गो एयर की उड़ान सुबह 10.35 बजे हवाई अड्डा पर उतरी। टीके को संबंधित केंद्रों तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए विशेष वाहन की व्यवस्था की गई। उन्होंने कहा कि टीके को विमान से उतारकर वाहन में रखने का काम 10 मिनट में पूरा हो गया।टीके लेकर आने वाली दूसरी उड़ान के आज दोपहर तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने की उम्मीद है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सूत्रों ने बताया कि टीके की 4.33 लाख खुराक में से 1,100 माहे भेजी जाएंगी, जो पुडुचेरी का एक एन्क्लेव है और कोझीकोड तथा कन्नूर जिलों के बीच स्थित है। इस टीके को कोच्चि, तिरुवनंतपुरम और कोझीकोड के क्षेत्रीय टीका केंद्रों में वितरित किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री के के शैलजा ने कहा कि तिरुवनंतपुरम को टीके की 1,34,000 खुराकें मिलेंगी, एर्नाकुलम और कोझिकोड को क्रमशः 1,80,000 और 1,19,500 खुराकें मिलेंगी। टीकाकरण के लिए अब तक राज्य में 3,62,870 लोगों ने अपना पंजीकरण कराया है। टीकाकरण 16 जनवरी से शुरू होगा।

योगी पर प्रियंका गांधी ने साधा निशाना, कहा- यूपी में बेटी बचाओ, मिशन शक्ति है खोखले नारे



नयी दिल्ली, 13 जनवरी (ए)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने उत्तर प्रदेश में अपराध की कुछ हालिया घटनाओं कोलेकर बुधवार कोराज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि इस सरकार के लिए बेटी बचाओ और मिशन शक्ति जैसेकदम सिर्फ खोखले नारेहैं। उन्होंने यह भी कहा कि महिला विरोधी अपराधों को रोकने के लिएराज्य सरकार को महिलाओं के प्रति अपना व्यवहार बदलना पड़ेगा और संवेदनशीलता दिखानी होगी।कांग्रेस की उत्तर प्रदेश प्रभारी ने कुछ खबरों का हवाला देते हुए फेसबुक पोस्ट में कहा, मुख्यमंत्री जी के गृहक्षेत्र (गोरखपुर) से आई खबर पढ़कर आपको अंदाजा लगेगा कि जिस सिस्टम ने अभी कुछ दिनों ही पहले महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चलाए गए मिशन शक्ति के नाम पर झूठे प्रचार में करोड़ों रुपए बहा दिए, वो सिस्टम जमीनी स्तर पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर किस कदर उपेक्षित रवैया अपनाए हुए है। उन्होंने दावा किया, उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ हर दिन अपराध के औसतन 165 मामले आते हैं।पिछले दिनों ऐसे सैंकड़ों मामले सामने आए जिनमें या तो प्रशासन ने पीड़ित पक्ष की बात नहीं सुनी या फरियादी महिला से ही बदतमीजी कर दी। प्रियंका के मुताबिक, महिला सुरक्षा को लेकर हाथरस, उन्नाव एवं बदायूं जैसी घटनाओं में यूपी सरकार के व्यवहार को पूरे देश ने देखा।

कोरोना संक्रमण: टीकाकरण के लिए कोविशील्ड के खेपों की आपूर्ति ऐतिहासिक पल : सीरम इंस्टीट्यूट

पुणे, 13 जनवरी (ए)। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ आदर पूनावाला ने कहा कि देश में कोविड-19 टीके की 1.11 करोड़ खुराक की आपूर्ति की जा रही है और फरवरी तक पांच से छह करोड़ और खुराक की आपूर्ति करने की योजना है। उन्होंने देश भर में 16 जनवरी से शुरू हो रहे टीकाकरण अभियान के लिए कोविशील्ड टीके की आपूर्ति को मंगलवार को ''गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक'' पल करार दिया। गौरतलब है कि मंगलवार तड़के, पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से देश के विभिन्न भागों में कोविड-19 टीके की पहली खेप भेजी गई। इंस्टीट्यूट में कुछ पत्रकारों से बातचीत में पूनावाला ने कहा कि असली चुनौती टीके को ''आम जनता, संवेदनशील समूहों और स्वास्थ्यकर्मियों तक पहुंचाना है।''

पूनावाला ने कहा, ''हमारे ट्रक तड़के इंस्टीट्यूट से रवाना हुए और अब टीका पूरे देश में भेजा जा रहा है। यह गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक पल है क्योंकि वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों और इससे जुड़े तमाम लोगों ने एक साल से भी कम में टीका विकसित करने में बहुत मेहनत की है।'' पूनावाला ने कहा कि इंस्टीट्यूट ने भारत सरकार को 200 रुपये की विशेष कीमत पर टीका दिया है। उन्होंने कहा, ''यह दुनिया के सबसे किफायती टीकों में से एक है और हम प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) के दृष्टिकोण और देश की जनता का साथ देने के लिए भारत सरकार को विशेष कीमत पर इसे उपलब्ध करा रहे हैं।''

उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूट को आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद यह टीका बाजार में 1,000 रुपये की कीमत पर उपलब्ध होगा। पूनावाला ने कहा कि इंस्टीट्यूट सिर्फ भारत को ही टीका मुहैया नहीं करा रहा है बल्कि ''उन देशों को भी देगा जो इसके लिए भारत से मदद चाहते हैं।'' कोविशील्ड को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और ब्रिटिश-स्वीडिश कंपनी एस्ट्राजेनेका ने मिलकर विकसित किया है और इसका उत्पादन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने किया है। सुबह करीब पांच बजे फ्रीज वाले ट्रक सीरम इंस्टीट्यूट से पूजा के बाद पुणे हवाईअड्डे के लिए रवाना हुए, जहां से टीके को पूरे देश में भेजा गया। पूनावाला ने कहा, ''भारत सरकार 200 रुपये प्रति खुराक के हिसाब से टीके की 10 करोड़ खुराक खरीदेगी, उसके बाद टीके का दाम बढ़ जाएगा। हम सरकार को जो टीका दे रहे हैं वह आम जनता, गरीबों, वंचितों और स्वास्थ्यकर्मियों को लिए-शुल्क लगाया जाएगा।'' उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूट के पास फिलहाल टीके की आठ करोड़ खुराक है।

उन्होंने कहा कि फिलहाल देश में टीके की 1.11 करोड़ खुराक की आपूर्ति की जा रही है और फरवरी तक पांच से छह करोड़ अतिरिक्त डोज की आपूर्ति की जाएगी। पूनावाला ने कहा, ''हमने भारत को प्राथमिकता दी है। हम देश में जितनी मांग होगी, उतनी खुराक उपलब्ध कराएंगे। बाकी का टीका निर्यात किया जाएगा। सऊदी अरब, बाजील, अफ्रीका से मांग की जा रही है और कोवैक्स साझेदार भी हैं।'' उन्होंने यह भी कहा कि इंस्टीट्यूट की उत्पादन क्षमता दुनिया में सबसे ज्यादा है और इसलिए कंपनी पर सबसे ज्यादा दबाव है। उन्होंने कहा, ''छोटी कंपनियां टीका लाने में वक्त लगा रही हैं। उनकी आपूर्ति दूसरी या तीसरी तिमाही में बढ़ेगी। उस वक्त तक दुनिया हम पर निर्भर है और हम टीके की आपूर्ति कर सभी को खुश करेंगे।'' पूनावाला ने कहा कि इंस्टीट्यूट जल्दी ही दूसरे देशों को टीके का निर्यात शुरू करेगा। टीके की सुरक्षा के संबंध में सवाल का जवाब देते हुए सीईओ ने कहा कि कोविड-19 के टीके ने सुरक्षा के प्रत्येक मानक को अपनाया है।

बर्ड फ्लू का बढ़ रहा है दायरा, 2 दिन के दौरान 45 स्थानों से मिली शिकायत

नई दिल्ली, 13 जनवरी (ए)। देश की राजधानी दिल्ली में धीरे-धीरे बर्ड फ्लू का खतरा और दायरा बढ़ता जा रहा है। यही वजह है कि दिल्ली नगर निगम के कंट्रोल रूम में शिकायतों की लगातार कतार लग रही है। पिछले 2 दिन में 45 शिकायतें दर्ज हुई हैं। माना जा रहा है कि बुधवार को भी शिकायतों की संख्या बढ़ सकती है। दिल्ली के विभिन्न इलाकों के नागरिकों ने अपने क्षेत्र या छत पर मृत पक्षी पाए जाने पर निगमों से शिकायत की है। इसमें सर्वाधिक शिकायत दक्षिणी निगम क्षेत्र से आ रही है। यहां दो दिन में 30 शिकायतें मिली हैं, वहीं उत्तरी निगम क्षेत्र में 10 शिकायतें मिली हैं। इसी तरह पांच शिकायतें पूर्वी निगम क्षेत्र की हैं।

उधर, उत्तरी दिल्ली नगर निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बर्ड फ्लू को लेकर स्वास्थ्य से लेकर पशु चिकित्सा और उद्यान विभाग को अलर्ट रखा गया है। किसी भी तरह की शिकायत आने पर संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द शिकायत के निपटान के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि शिकायत मिलने पर दिल्ली सरकार के पशुपालन विभाग को इसकी जानकारी दी जा रही है। साथ ही सावधानी पूर्वक मृत पक्षी को संबंधित स्थान से उठाकर नियमानुसार उसका निस्तारण करना है। जानकारी के मुताबिक सर्वाधिक शिकायत कौवे के मरने की है। इससे पहले सोमवार को चाणक्यपुरी इलाके में पक्षी मरने की सूचना थी, वहीं मंगलवार को मंडी हाउस के सफदर हाशमा मार्ग पर मैना पक्षी के मृत पाए जाने की सूचना है। सूचना के बाद एनडीएमसी ने मृत पक्षी को कब्जे में लेकर उसका नियमानुसार दफनाने के लिए भेज दिया है। वहीं, राजघाट पर कबूतरों के दाना चुगने की जगह पर मृत कौवा दिखाई दिया। इसमें चिंताजनक बात यह है कि इसी स्थान पर पाबंदी के बावजूद लोग पक्षियों को दाना डाल रहे थे।

पार्कों में बढ़ाई गई पक्षियों की निगरानी

नई दिल्ली, 13 जनवरी (ए)। बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद दिल्ली के पार्कों में पक्षियों की निगरानी बढ़ा दी गई है। मंगलवार को मुख्य सचिव विजय देव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में डीएम भी मौजूद थे। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को बर्ड फ्लू को लेकर केंद्र सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन करने को कहा। उन्होंने पक्षियों वाले पार्कों की निगरानी बढ़ाने और मृत पक्षियों के ज्यादा से ज्यादा सैंपल लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस बात पर विशेष ध्यान दें कि कोई अफवाह न फैले। मयूर विहार फेज-तीन के ए-2 पाकेट स्थित सेंट्रल पार्क में मंगलवार को नौ कौए मरे मिले। वहीं मयूर विहार फेज-एक स्थित पुलिस अपार्टमेंट में तीन कबूतर मरे मिले हैं।

एआईआईएमएस की टीम ने केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक को वेंटिलेटर से हटाने की दी सलाह

पणजी,13 जनवरी (ए)। एम्स की टीम ने केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक की स्वास्थ्य स्थिति की समीक्षा की और उन्हें बुधवार को वेंटिलेटर से हटाने की सलाह दी। एक सड़क दुर्घटना में घायल हुए नाइक का गोवा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। टीम के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मंगलवार देर रात पत्रकारों से बात करते हुए, अधिकारी ने यह भी कहा कि वे नाइक की सांस, रक्तचाप और अन्य स्वास्थ्य मापदंडों से संतुष्ट हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली की टीम मंगलवार शाम को गोवा पहुंची और पोरवोरिम स्थित सरकारी गोवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) में नाइक की स्वास्थ्य स्थिति की समीक्षा की। अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बाद में उन्होंने 68 वर्षीय केंद्रीय रक्षा और आयुष राज्य मंत्री नाइक का इलाज कर रहे जीएमसीएच के डॉक्टरों के साथ चर्चा की। जीएमसीएच में टीम के साथ राज्य के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी मौजूद थे। जीएमसीएच में मंगलवार देर रात पत्रकारों से बात करते हुए, एम्स टीम के एक सदस्य ने कहा, हम उनकी सांस, रक्चाप और अन्य स्वास्थ्य मापदंडों से संतुष्ट हैं। हमने उनकी जांच की है और कल (बुधवार) वेंटिलेटर हटाने की सलाह दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को जीएमसीएच में नाइक को देखने गए और बाद में कहा कि उनकी हालत स्थिर है और वह खतरे से बाहर हैं।

17 दिन बाद राहुल की वतन वापसी, जल्लीकट्टू कार्यक्रम में होंगे शामिल

नई दिल्ली, 13 जनवरी (ए)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की आज वतन वापसी हो रही है। 17 दिन विदेश में बिताने के बाद आज राहुल स्वदेश वापस लौट रहे हैं। राहुल आज शाम इटली से सीधे दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचेंगे। जिसके बाद वो तमिलनाडु का भी दौरा कर सकते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राहुल गांधी तमिलनाडु जाएंगे और वहां होने वाले जल्लिकट्टू कार्यक्रम में शामिल होंगे। देश में जारी किसान आंदोलन के बीच राहुल की विदेश यात्रा को लेकर काफी विवाद भी हुआ था। भाजपा की तरफ से कांग्रेस पर निशाना साधा गया था। भाजपा के तीखे तेवर के जवाब में कांग्रेस ने राहुल की विदेश यात्रा को लेकर सफाई भी दी थी। कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बीजेपी द्वारा निम्न स्तर की राजनीति करने के आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी अपनी नानी से मिलने गए हुए, क्या यह गलत है? गौरतलब है कि राहु गांधी पिछले वर्ष के अंत में 27 दिसंबर को निजी विदेश यात्रा पर गए थे।

कोरोना संकट को देखते हुए बजट में लिए जा सकते हैं कई फैसले

नई दिल्ली, 13 जनवरी (ए)। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद् में वर्ष 2020-21 के संशोधित बजट प्रस्ताव और वर्ष 2021-22 के लिए बजट अनुमान बुधवार को पेश किए जाएंगे। एनडीएमसी के चेयरमैन धर्मेंद्र शाम चार बजे होने वाली काउंसिल की बैठक में रखेंगे। इन प्रस्तावों के पारित होने के बाद वह मीडिया से रूबरू होंगे। उम्मीद जताई जा रही है बजट में कोरोना संकट को देखते हुए कई फैसले लिए जा सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक चूंकि बीते वर्ष कोरोन की वजह से कई परियोजनाओं पर कार्य नहीं हो पाया था।

माइक पोम्पिओ का बड़ा बयान, खूंखार आतंकवादी संगठन अल-कायदा को शरण दे रहा है ईरान

वाशिंगटन, 13 जनवरी (ए)। अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने ईरान पर हमला करते हुए कहा कि वह अल-कायदा के आतंकवादियों का नया केंद्र बन चुका है। उन्होंने ईरान पर आरोप लगाते हुए कहा कि मध्य पूर्वी देश ईरान आतंकी संगठन के लिए यह नया घर बन चुका है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने इस बात की पुष्टि किया है कि अल-कायदा के दूसरे कमांडर अल-मसरी को पिछले साल तेहरान में मार दिया गया था। नेशनल प्रेस क्लब में दिए गए भाषण में पोम्पिओ ने कहा कि इस्लामी गणतंत्र ईरान अल-कायदा का नया घर है। पोम्पिओ ने ईरान सरकार पर खुलकर आरोप लगाया है कि वो जिहादी नेटवर्क अल-कायदा को अपनी जमीन पर नया ठिकाना बनाने दे रही है। उन्होंने इस बात पर जोर देकर कहा कि लोगों का ये मानना गलत है कि एक शिया ताकत ईरान और सुन्नी चरमपंथी गुट अल-कायदा एक-दूसरे के दुश्मन हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री ने आरोप लगाया कि ईरान ने 2015 से देश में मौजूद अल-कायदा नेताओं को खुलकर दूसरे सदस्यों से बात करने की छूट दे रखी है। यह निर्देश पहले अफगानिस्तान और पाकिस्तान से आया करते थे। इन निर्देशों में हमले करना, प्रोपेगेंडा और पैसे जमा करने जैसे काम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ईरान और अल-कायदा की धुरी दूसरे देशों और अमेरिका की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है।

उत्तर कोरिया परमाणु हथियार को और अधिक मजबूती देने को दृढ : किम जोंग उन

सियोल, 13 जनवरी (ए)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपने शीर्ष संबोधन में अपने देश के परमाणु शस्त्रागार को मजबूत करने का वादा किया है। वह एक शीर्ष सत्तारूढ़ पार्टी की बैठक में संबोधन दे रहे थे। इसको लेकर राज्य मीडिया ने बुधवार को सूचित किया। बता दें कि ऐसा दृढ़ निर्णय जो बाइडन के अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में पद ग्रहण करने से पहले आया। रिपोर्ट के मुताबिक, किम आने वाले बाइडन प्रशासन का ध्यान खींचने के लिए ऐसा कर रहे हैं। विश्लेषकों का कहना है, अपने देश में कोरोना वायरस महामारी को रोकने के लिए सीमाओं को

बंद करने के फैसले से यह दुनिया से बहुत दूर हो गया है। फरवरी 2019 में हनोई में किम और निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच एक परमाणु शिखर सम्मेलन बेनतीजा रहा था। अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच एटमी हथियार को लेकर किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं हो सका। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने वर्कर्स पार्टी कांग्रेस के बयान को बताया, जो इस कदर था- कोरियाई परमाणु युद्ध निवारक को मजबूत करते हुए, हमें सबसे शक्तिशाली सेना बनाने के लिए सब कुछ करने की जरूरत है। उन्होंने बाइडन का नाम लिए बिना कहा कि डीपीआरके के प्रति हमारी नीति का वास्तविक इरादा कभी नहीं बदलेगा, चाहे जो कोई भी सत्ता में आए।बताया गया कि उत्तर ने परमाणु-संचालित पनडुब्बी के लिए योजनाएं पूरी कीं, उन्होंने कहा - जो एक रणनीतिक गेम चेंजर के रूप में देखा जाएगा और हथियारों के लक्ष्यों की खरीदारी सूची पेश करेगा, जिसमें हाइपरसोनिक ग्लाइडिंग वॉरहेड, सैन्य टोही उपग्रह और ठोस अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल शामिल हैं।

ट्विटर ने 70 हजार यूएपनन खातों को ब्लॉक किया

लंदन, 13 जनवरी (ए)। ट्विटर ने कहा है कि उसने धुर दक्षिणपंथी क्यूएनन साजिश के सिद्धांत के मामले से जुड़े 70 हजार खातों को अमेरिका की कैपिटल बिल्डिंग (संसद परिसर) में हुई हिंसा के बाद बंद कर दिया है। सोशल मीडिया कंपनी ने मंगलवार को कहा कि पिछले हफ्ते वाशिंगटन डीसी के घटनाक्रमों के मद्देनजर वह ऑनलाइन व्यवहारों के खिलाफ कदम उठा रही है, क्योंकि ऐसे व्यवहारों की वजह से ऑफलाइन नुकसान पहुंचने की घटनाएं हो सकती हैं। पिछले सप्ताह निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों ने कैपिटल बिल्डिंग पर धावा बोल दिया था।

शी चिनफिंग ने कहा, चुनौतियों के बावजूद समय और हवा का रुख चीन के पक्ष में

बीजिंग, 13 जनवरी (ए)। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के लिए अगले 30 साल के लिहाज से अपने दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए कहा कि दुनिया में अभूतपूर्व उथल-पुथल के इस दौर में समय और हवा का रुख चीन के पक्ष में है। शी 2012 में सत्ता में आने के बाद से माओ त्से तुंग के बाद चीन के सबसे शक्तिशाली नेता हैं। माओ ने 1921 में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना की थी जो 1949 से सत्ता में है। 67 वर्षीय चीनी नेता ने कम्युनिस्ट पार्टी के कैडरों को सोमवार को संबोधित करते हुए कहा कि उनका मानना है कि

कोविड-19 महामारी, आपूर्ति श्रृंखला में अवरोधों, पश्चिमी देशों के साथ बिगड़ते रिश्तों और मंद होती अर्थव्यवस्था समेत अनेक चुनौतियों के बावजूद ''समय और हवा का रुख चीन के पक्ष में है।''

कोरोना वायरस संक्रमण का सबसे पहला मामला मध्य चीन के वुहान शहर में ही एक वर्ष पहले आया था। इस वायरस से अब तक दुनियाभर में 19,44,750 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और वैश्विक अर्थव्यवस्था बुरी तरह चरमरा गयी है। हांगकांग से प्रकाशित 'सात्थ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' अखबार ने शी के हवाले से लिखा, ''दुनियाभर में उथल-पुथल मची है जो पिछली सदी में अभूतपूर्व है।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन समय और हवा का रुख हमारी तरफ है। यहीं हम अपनी दृढ़ धारणा और लचीलापन और साथ ही अपना संकल्प एवं आत्मविश्वास दर्शाते हैं।'' शी ने पूरी तरह आधुनिक समाजवादी देश के निर्माण के लिए अच्छी शुरुआत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अगले तीन दशक नये विकास का चरण होंगे जिसके दौरान चीन के लोग सीपीसी के नेतृत्व में धनवान होने से लेकर मजबूत होने तक आमूल-चूल बदलाव से गुजरेंगे। शी के बयानों पर विश्लेषकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया आई है। पश्चिमी विश्लेषकों ने जहां इसकी तुलना फ्रांसीसी शासक नेपोलियन बोनापार्ट की एक घोषणा से की है, वहीं चीनी पर्यवेक्षकों ने कहा कि यह भाषण चीन की राजनीतिक व्यवस्था और विकास में शी के विश्वास को झलकाता है।